सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 09 जुलाई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में रविवार को साइकिलिस्ट आशा मालवीय ने भेंट की। राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा के उद्देश्य से आशा मालवीय द्वारा साइकिल यात्रा के माध्यम से जागरूकता फैलाये जाने के अनूठे प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि वह समस्त युवा बेटियों और महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अपनी साइकिल यात्रा से उनके द्वारा पूरे देश में एकता का भी एक संदेश प्रसारित किया जा रहा है जो सराहनीय है। राज्यपाल ने आशा मालवीय को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आशा मालवीय मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले की हैं और वह महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से देशभर में साइकिल यात्रा के माध्यम से जागरूकता का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा यात्रा की शुरूआत 01 नवम्बर 2022 से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से की गई और यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में सम्पन्न की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत के 28 राज्यों में कुल 25 हजार कि.मी. की यात्रा तय की जायेगी। इस यात्रा के दौरान उनके द्वारा अभी तक 24 राज्यों में 19700 कि.मी. की दूरी तय की जा चुकी है।

............0............